No. 231 adjoining to Prachin Bhuteshwar Shiv Mandir in Kanti Nagar, Krishna Nagar, Delhi-51;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what steps are being taken by Government to remove the said unauthorised construction?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH): (a) to (c) The D.D.A. has reported that, although the award for acquisition of land in Khasra No. 231 of village Ghondhli has been announced, the possession thereof has not been taken ever by the Land Acquisition Collector as the area is built-up. As regards unauthorised construction on the land around Prachin Bhuteshwar Shiv Mandir, Krishna Nagar, the M.C.D. has reported that certain instances of such construction had come to notice. The M.C.D. has initiated action against the same as per the provisions of the Delhi Municipal Corporation Act.

न्यू विश्वास नगर शाहदरा में मलवा घर

2887. **कुमारी सुशीला तिरिया :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वी दिल्ली में न्यू विश्वास नगर मुख्य मार्ग पर अम्बेडकर पार्क, शाहदरा के निकट स्थित एक मलवा घर के कारण उधर से आने जाने वालों तथा उस कालोनी के निवासियों को भारी असुविधा हो रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि उस मलवा घर की दुर्गंध और मच्छरों के कारण उस क्षेत्र में मलेरिया और अन्य भयंकर बीमारियों के फैलने की सम्भावना है;

(ग) क्या सरकार उस स्थान से उस मलवा घर को हटाने का विचार रखती है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) से (ग) दिल्ली नगर निगम के अनुसार, आस पास के क्षेत्र से कूड़ा-करकट अम्बेडकर पार्क के पास स्थित डलाव (कूड़ा घर) में एकत्र किया जाता है। इसकी नियमित रूप से सफाई की जाती है और दुर्गंध समाप्त करने तथा मच्छरों की उत्पत्ति रोकने के लिये गैमेक्सीन छिड़की जाती है।

चूंकि आस-पास में कोई स्थान उपलब्ध नहीं है, अतः दिल्ली नगर निगम के लिये इस डलाव को कहीं और स्थानांतरित करना सम्भव नहीं है।

मयूरभंज, उड़ीसा में सड़कों का निर्माण

2888. **श्री सुनील कुमार पटनायक :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चालू वर्ष के दौरान उड़ीसा के मयूरभंज जिले के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों और गलियों का पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो इस योजना पर कुल कितनी धनराशि व्यय होगी ?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री रामानन्द यादव) : (क) जी हां। उड़ीसा सरकार ने मयूरभंज जिले में 22 किलो मीटर लम्बी गोलामुंडा-काटा कान्छीदर सड़क और 17 किलो मीटर लम्बी बालीदिहा भुआसुनी सड़क के सुधार के लिये प्रस्ताव भेजे हैं। भारत सरकार ने इन प्रस्तावों का अनुमोदन कर दिया है।

(ख) 196.30 लाख रुपये।

गौतमपुरी, दिल्ली में पार्क

2889. **श्री सुनील कुमार पटनायक :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वी दिल्ली की गौतमपुरी कालोनी में कुछ समय पहले